**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 29.09.2025**

**थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक महिला पुलिस टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में 01 अभियुक्त गिरफ्तार व 01 अन्य अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 01 खोखा कारतूस व 01 जिन्दा कारतूस, चोरी की 01 मोटर साइकिल तथा 25 ATM कार्ड व 5100 रूपये नगद बरामद ।**

**गिरफ्तारी/पुलिस मुठभेड़ का विवरण**

मिशन शक्ति अभियान फेस 5.0 के अन्तर्गत थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक में हुई ATM फ्रॉड की घटनाओं के अनावरण व अपराध की रोकथाम हेतु उच्चाधिकारीगणों के निर्देशन व कुशल पर्यवेक्षण में धोखाधडी की घटनाओं की रोकथाम हेतु दिनांक 29.09.2025 समय 06.30 बजे को थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस टीम द्वारा ABES कालेज के सामने व चिपियाना अण्डरपास पर चैंकिंग की जा रही थी तभी बिना नम्बर प्लेट की 01 मोटरसाइकिल KTM पर सवार दो व्यक्ति आते दिखाई दिये जिन्हें रूकने का इशारा किया गया, रूकने की बजाय मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा चैकिंग कर रही पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी, जब पुलिस टीम द्वारा इनका पीछा किया गया तो ABES कालेज के बराबर से कच्चे रास्ते पर अपनी मोटरसाइकिल मोड दी व पुलिस टीम को आता देख दोबारा फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में गोली चलायी गयी जिसमें 01 व्यक्ति जाहिद के पैर में गोली लग गयी व दूसरे व्यक्ति इरशाद को पुलिस टीम द्वारा घेर कर पकड लिया गया। पूछताछ करने पर जानकारी हुई कि जाहिद व इरशाद दोनों ही व्यक्ति कुख्यात किस्म के अपराधी हैं पूर्व में भी गम्भीर धाराओं के अपराध कारित किये गये हैं, जाहिद पूर्व में भी जाली मुद्रा की सप्लाई व राजद्रोह (धारा 124A IPC) करने के सम्बन्ध में UP-ATS द्वारा जेल भेजा जा चुका है व गैंगस्टर एक्ट का भी मुकदमा दर्ज है इनके पास से 25 ATM कार्ड व चोरी की 01 KTM बाइक व 5100 रूपये व 01 अवैध तमन्चा व 01 जिन्दा कारतूस व 01 खोका कारतूस 0.315 बोर बरामद हुए इनके द्वारा 01 महीने पहले थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में 01 ATM फ्रॉड हुआ था जिसमें CCTV के आधार पर इनकी संलिप्ता पायी गयी है, घायल होने के कारण उपचार हेतु CHC भेजा गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**पूछताछ का विवरण**

गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त से पूछताछ करने पर यह तथ्य प्रकाश में आये कि अभियुक्त उपरोक्त ने अपने अन्य साथी मोबीन निवासी पलवल हरियाणा के साथ मिलकर कुछ दिन पहले थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में एक बुजुर्ग व्यक्ति को अपनी बातों में उलझाकर उसका ATM बदलकर धोखाधडी कर 1,50,000 रूपये निकाल लिये गये थे वे पैसे हमने आपस में बांट लिये थे। बरामद मोटरसाइकिल के बारे में जानकारी की तो बताया कि ये मोटरसाइकिल हमने करीब 6-7 महीने पहने दिल्ली से चोरी की है, हमारे द्वारा जाली करन्सी भी सप्लाई की जाती है जिसमें मेरे (जाहिद) ऊपर राजद्रोह (धारा 124A IPC) का मुकदमा भी दर्ज है, आज भी हम ATM/फ्रॉड करने के उद्देश्य से नोएडा की तरफ से आ रहे थे।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता**

1. मोहम्मद जाहिद पुत्र मोहम्मद ताहिर निवासी हाल पता गली नं0 3 जाटवों का मोहल्ला सोमबाजार सदरपुर सेक्टर 45 थाना सेक्टर 39 जनपद गौतमबुद्धनगर मूल पता ग्राम कुकरौं अमारि थाना दमधा जनपद पुरनिया बिहार उम्र 33 वर्ष (पुलिस मुठभेड में घायल)
2. अभियुक्त मो0इरशाद पुत्र मो0ताहिर निवासी गली नं0 5 सरकारी स्कूल के पास सैक्टर 27 थाना सेक्टर 39 जनपद गौतमबुद्धनगर मूल पता ग्राम वजीरगंज थाना वजीरगंज जनपद बंदायू उ0प्र0 उम्र 25 वर्ष

**बरामदगी का विवरण**

01 अवैध तमंचा, 01 खोखा कारतूस व 01 जिन्दा कारतूस, 01 अदद चोरी की मोटरसाइकिल KTM व 25 ATM कार्ड व 5100 रूपये नगद बरामद।

**गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास**

अभियुक्त जाहिद के विरूद्ध कुल 08 मुकदमे ATM फ्रॉड व 01 गैंगस्टर व 01 जाली करन्सी सप्लाई व राजद्रोह (धारा 124A IPC) के सम्बन्ध में जिला मैनपुरी व गौतमबुद्धनगर व गाजियाबाद में मुकदमे पंजीकृत हैं व अभि0 इरशाद के विरूद्ध 02 मुकदमें ATM फ्रॉड व चोरी के सम्बन्ध में दर्ज हैं। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक महिला पुलिस टीम।

**थाना अंकुर विहार पुलिस द्वारा वाहन चोरी की घटना कारित करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 मोटरसाइकिल बरामद।**

आज दिनांक 29.09.2025 को थाना अंकुर विहार पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान वाहन चोरी की घटना कारित करने वाले 02 अभियुक्तों 1. आदिल पुत्र मुबारिक निवासी चाँद मस्जिद डाबर तालाब थाना अंकुर विहार गाजियाबाद उम्र करीब 20 वर्ष 2. अयान पुत्र नसीम निवासी शमशान घाट गेट के पास चाँद मस्जिद डाबर तालाब थाना अंकुर विहार गाजियाबाद उम्र करीब 20 वर्ष को गढी कट्टैया गांव के पास थाना क्षेत्र अंकुर विहार से गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से हरियाणा से चोरी की गई 01 मोटरसाइकिल बरामद हुई। उक्त बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना अंकुर विहार पर धारा 317(2)/317(5) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण–**

अभियुक्तगण ने पूछताछ करने पर बताया कि साहब हमने यह मोटरसाइकिल गुड़गाँव हरियाणा से चोरी की थी और इसे अभी तक छिपा कर रखा था। आज हम इसे बेचने के लिए जा रहे थे कि पुलिस चेकिंग में पकडे गये।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता–**

1.आदिल पुत्र मुबारिक निवासी चाँद मस्जिद डाबर तालाब थाना अंकुर विहार गाजियाबाद उम्र करीब 20 वर्ष।

2.अयान पुत्र नसीम निवासी शमशान घाट गेट के पास चाँद मस्जिद डाबर तालाब थाना अंकुर विहार गाजियाबाद उम्र करीब 20 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण-**

कब्जे से हरियाणा से चोरी की गई 01 मोटरसाइकिल बरामद।

**आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग**

अभियुक्त आदिल उपरोक्त के विरुद्ध थाना लोनी पर छिनैती के 02 अभियोग, हरियाणा में वाहन चोरी का 01 अभियोग तथा थाना अंकुर विहार पर उपरोक्त प्रकरण के संबंध में 01 अभियोग पंजीकृत हैं। **( कुल अभियोग – 04 )**। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

अभियुक्त अयान उपरोक्त के विरुद्ध वाहन चोरी का 01 अभियोग हरियाणा में तथा उपरोक्त प्रकरण के संबंध में 01 अभियोग थाना अंकुर विहार पर पंजीकृत है।

**(कुल अभियोग -02)**। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

थाना अंकुर विहार पुलिस टीम।

## थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस द्वारा अभियोग में वाँछित अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक 27.09.2025 को थाना ट्रोनिका सिटी पर वादी द्वारा तहरीर दी गयी कि अभियुक्त चांद बाबू पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम दानपुर सराया मौहल्ला थाना डिबाई जनपद बुलन्दशहर हाल निवासी गली नं0-03 बंगाली बस्ती कासिम विहार थाना ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद द्वारा वादी की पुत्री उम्र करीब 17 वर्ष को घर से बाहर बुलाकर उसके साथ गलत काम करना। प्राप्त तहरीर के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना ट्रोनिका सिटी पर धारा 64(1) बीएनएस व 3/4 पोक्सो अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया।

तत्पश्चात आज दिनांक 29.09.2025 को थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त अभियोग में वाँछित अभियुक्त चांद बाबू पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम दानपुर सराया मौहल्ला थाना डिबाई जनपद बुलन्दशहर हाल निवासी गली नं0-03 बंगाली बस्ती कासिम विहार थाना ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद उम्र करीब 20 वर्ष को चौकी क्षेत्र रामपार्क से गिरफ्तार किया गया। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण-**

पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि मैं ट्रोनिका सिटी में अपने रिश्तेदार के घर पर रहता हूँ, पीडिता का मकान उसी मौहल्ले में पडता है जिस कारण मौहल्ले में आते जाते समय मेरी पीडिता से जान पहचान हो गयी। इसके बाद मेरा उसके घर पर आना जाना हो गया और आपस में बातचीत शुरू हो गयी। मौका पाकर मैंने पीडिता को घर से बाहर बुलाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बना लिये थे।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता -**

चांद बाबू पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम दानपुर सराया मौहल्ला थाना डिबाई जनपद बुलन्दशहर हाल निवासी गली नं0-03 बंगाली बस्ती कासिम विहार थाना ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद उम्र करीब 20 वर्ष।

**आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग-**

अभियुक्त के विरुद्ध थाना ट्रोनिका सिटी पर उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में 01 अभियोग पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस टीम।

## साइबर सेल थाना भोजपुर पुलिस द्वारा साइबर फ्रॉड में ठगी 25,000/- की धनराशि वापस करायी गई।

आज दिनांक 29.09.2025 को साइबर सेल थाना भोजपुर कमिश्नरेट गाजियाबाद की टीम द्वारा आवेदक प्रवीन कुमार पुत्र श्री राधेश्याम त्यागी निवासी ग्राम तलहैटा, थाना भोजपुर के साथ हुए साइबर फ्रॉड में ठगी गई धनराशि रु 25,000/- आवेदक को वापस कराये गये।

### कार्यवाही का विवरण-

साइबर क्राइम अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के परिणाम स्वरूप साइबर सेल थाना भोजपुर गाजियाबाद को NCRP पोर्टल के माध्यम से आवेदक प्रवीन कुमार पुत्र श्री राधेश्याम त्यागी निवासी ग्राम तलहैटा, थाना भोजपुर के साथ ऑनलाइन ठगी से सम्बन्धित शिकायत प्राप्त हुई थी जिस पर साइबर सेल थाना भोजपुर, कमिश्नरेट गाजियाबाद की टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए आवेदक प्रवीन कुमार उपरोक्त के साथ हुई ऑनलाइन ठगी की धनराशि को होल्ड कराया गया व अथक प्रयासों के बाद आज दिनांक 29.09.2025 को आवेदक के साथ हुई साइबर फ्रॉड की 25,000/- धनराशि को वापस कराया गया। आवेदक द्वारा थाना भोजपुर आकर पुलिस टीम का आभार प्रकट किया गया।

### कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम-

थाना भोजपुर साइबर सैल टीम।

## थाना मुरादनगर पुलिस द्वारा दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक 27.09.2025 को थाना मुरादनगर पर वादी द्वारा तहरीर दी गयी कि अभियुक्त आयुष के द्वारा वादी की पुत्री उम्र करीब 16 वर्ष के साथ छेडछाड़ कराना व अन्य अभियुक्त अभिषेक द्वारा वादी की भतीजी उम्र करीब 16 वर्ष के साथ गलत काम करना तथा अभियुक्तों द्वारा जान से मारने की धमकी देना। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मुरादनगर पर तत्काल धारा 65(1)/75(2)/351(3) बीएनएस व 7/8,3/4 पोक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया।

तत्पश्चात आज दिनांक 29.09.2025 को थाना मुरादनगर पुलिस टीम द्वारा मैनअल इनपुट व मुखबिर की सूचना के आधार पर उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त अभिषेक त्यागी पुत्र अशोक त्यागी निवासी ग्राम कुम्हैडा थाना निवाडी जिला गाजियाबाद हाल पता– गली न0 02 मोहल्ला जीतपुर रावली रोड कस्बा व थाना मुरादनगर गाजियाबाद उम्र करीब 27 वर्ष को थाना मुरादनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

### पूछताछ का विवरण-

अभियुक्त अभिषेक त्यागी ने पूछताछ के दौरान बताया कि मैंने और मेरे दोस्त ने वादी की पुत्री व वादी की भतीजी को बाहर बुलाकर आयुष ने वादी की बेटी साथ छेडछाड़ की और मैंने वादी की भतीजी के साथ गलत काम किया और हमने घर जाकर बताने पर उनको जान से मारने की धमकी दी थी।

### गिरफ्तार अभियुक्त नाम व पता –

अभिषेक त्यागी पुत्र अशोक त्यागी निवासी ग्राम कुम्हैडा थाना निवाडी जिला गाजियाबाद हाल पता– गली न0 02 मोहल्ला जीतपुर रावली रोड कस्बा व थाना मुरादनगर गाजियाबाद उम्र करीब 27 वर्ष।

### आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग-

अभियुक्त के विरूद्ध थाना मुरादनगर पर धोखाधडी व उक्त प्रकरण के संबंध में कुल 02 अभियोग पंजीकृत हैं। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

### गिरफ्तार करने वाली टीम-

थाना मुरादनगर पुलिस टीम।

## ग्रामीण जोन के थाना मसूरी में मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत एन्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा हेतु स्कूल , कॉलेज के आस पास चेकिंग अभियान के दौरान धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अन्तर्गत 01 अभियुक्त गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट गाजियाबाद के निर्देशन में नारी सुरक्षा , सम्मान एवं स्वावलंबन के लिये समर्पित मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत आज दिनांक 29.09.2025 को थाना मसूरी एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम प्रभारी म0उ0नि0 शिवानी रानी मय टीम के साथ स्कूल ,कॉलेज आदि के आस-पास भ्रमण कर चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें चेकिंग के दौरान चौकी क्षेत्र गार्डन एन्क्लेव थाना मसूरी गाजियाबाद स्थित स्कूल अम्बेडकर इंटर कॉलेज इन्दरगढी के पास स्कूल की छुट्टी होने के दौरान स्कूल के पास ही 01 संदिग्ध व्यक्ति विकास कुमार पुत्र आनन्द निवासी ग्राम चरौली थाना जेवर कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर उम्र करीब 28 वर्ष अनावश्यक रूप से घूमता हुआ मिला। एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा विकास उपरोक्त से पूछताछ की गयी व अनावश्यक रुप से स्कूल के पास घूमने का कारण पूछा गया तो कोई संतोषजनक जवाब न दे सका। विकास उपरोक्त को चेतावनी दी गयी व समझाने का प्रयास किया तो वह आमदा फसाद होने लगा जिसके चलते विकास उपरोक्त को गिरफ्तार कर धारा 170/126/135 बीएनएसएस की कार्यवाही की गयी।

### अभियुक्त का नाम व पता -

विकास कुमार पुत्र आनन्द निवासी ग्राम चरौली थाना जेवर कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर उम्र करीब 28 वर्ष।

### कार्यवाही करने वाली टीम –

थाना मसूरी एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम।

## थाना विजयनगर पुलिस टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ में लूट/छीनैती/चोरी की घटना को कारित करने वाले 02 अभियुक्त को किया गिरफ्तार व कब्जे से 40000/- रूपये व घटना में प्रयुक्त मोटर चोरी की साईकिल एवं अवैध अस्लाह व कारतूस बरामद।

दिनांक 29.09.2025 की रात्रि में थाना विजयनगर पुलिस टीम द्वारा रायल टावर पर चैकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान मोटर साईकिल सवार दो बदमाश को पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किया गया किन्तु नही रूके। मोटर साईकिल सावर बदमाश द्वारा मोटर साईकिल को पीछे मोड़कर आवास विकास चौराहे की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर भागने लगे। जिनका पीछा पुलिस द्वारा किया तथा बदमाशों की मोटर साईकिल अनियन्त्रित होकर मोड़ पर फिसल कर गिर गयी। बदमाशो को पुलिस पार्टी द्वारा आत्मसर्मपण हेतु कहा गया लेकिन पुलिस पार्टी को अपनी ओर आता देख बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर करते हुये भागने का प्रयास किया गया। जिसमें आत्मरक्षार्थ में पुलिस पार्टी द्वारा भी सिखलाये गये तरीके से बदमाश पर फायरिंग की गयी जिसमें एक बदमाश आकाश कौशिक पुत्र हरिओम कौशिक निवासी किराये का मकान गौरव धामा बेहटा हाजीपुर रेलवे स्टेशन

के पास राहुल गार्डन थाना लोनी बार्डर गाजियाबाद घायल हो गया तथा दूसरे बदमाश सौरभ पुत्र महेश चन्द निवासी म0नं0 सी/22 गली नं0 08 राजीव कालोनी थाना शालीमार गार्डन गाजियाबाद को पुलिस द्वारा मौके पर मोटर साईकिल एवं अवैध अस्लाह के साथ गिरफ्तार किया गया। घायल अभियुक्त आकाश कौशिक उपरोक्त को उपचार हेतु जिला एमएमजी हॉस्पिटल गाजियाबाद में भर्ती कराया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरणः-**

गिरफ्तार अभियुक्तगण ने पूछताछ पर बताया कि साहब हम दोनों मिलकर एनसीआर क्षेत्र में बाजार एवं भीड़भाड़ वाली जगह से मोटर साईकिल चोरी करके उससे चलते फिरते व्यक्तियों से उनके पर्स एनं चैन , मोबाईल आदि सामान छीन कर भाग जाते हैं और उसे बेचकर जो रूपया मिलता है उसे आपस में बांट लेते तथा अपने शौंक पूरे करते हैं। हमारे पास से जो मोटर साईकिल मिली है। वह भी हमने 15 – 20 दिन पहले थाना क्रासिंग रिपब्लिक क्षेत्र से चोरी की थी तथा दिनांक 22.09.2025 को हमने शाम के समय बीकानेर स्वीटस के सामने चौराहे के पास से स्कूटी पर बैठे एक व्यक्ति के गले से चैन छीन थी जो रूपये हमसे बरामद हुए है वह उसी चैन के बचे हुये रूपये है। आज भी हम दोनों किसी घटना की फिराक में घूम रहे थे। कि पुलिस द्वारा पकड़ लिये गये।

**नाम पता अभियुक्तः -**

1. आकाश कौशिक पुत्र हरिओम कौशिक निवासी किराये का मकान गौरव धामा बेहटा हाजीपुर रेलवे स्टेशन के पास राहुल गार्डन थाना लोनी बार्डर गाजियाबाद उम्र 30 वर्ष।
2. सौरभ पुत्र महेश चन्द निवासी म0नं0 सी/22 गली नं0 08 राजीव कालोनी थाना शालीमार गार्डन गाजियाबाद उम्र 26 वर्ष।

**बरामदगी का विवरणः-**

1. 40000/- रूपये नगद बरामद ।
2. 01 अवैध तमंचा 315 बोर , 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर
3. घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साईकिल स्पलेण्डर रजिस्ट्रेशन नम्बर UP14CA 2880 चोरी की।

**अभियुक्त का अपराधिक इतिहासः-**

**अभियुक्त आकाश कौशिक उपरोक्त पर -** 09 अभियोग लूट/चोरी/स्नैचिंग आर्मस एक्ट के थाना साहिबाबाद कमिश्नरेट गाजियाबाद पर पंजीकृत व 31 अभियोग लूट/चोरी/स्नैचिंग आर्मस एक्ट दिल्ली पर पंजीकृत है, अभियुक्त पर करीब 40 अभियोग पंजीकृत है।

**अभियुक्त सौरभ उपरोक्त पर -** 05 अभियोग लूट/चोरी/स्नैचिंग आर्मस एक्ट के थाना साहिबाबाद व थाना लिंकरोड़ कमिश्नरेट गाजियाबाद पर पंजीकृत है।

**गिरफ्तार एवं बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः-**

थाना विजयनगर पुलिस टीम कमिश्नरेट गाजियाबाद।